खेलो उत्तर प्रदेश सेंटर

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुताबिक, भारत सरकार द्वारा हर ज़िले में स्थापित किये जा रहे **'खेलो इंडिया सेंटर'** की तर्ज पर राज्य के हर ब्लॉक में **'खेलो उत्तर प्रदेश सेंटर'** की स्थापना की जाएगी।

मुख्य बिंदु:

- केंद्रीय खेल मंत्री ने लखनऊ के गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19वें एशियाई खेल-2022**, चौथे पैरा एशियाई खेल-2022 और** 37वें राष्ट्रीय खेल-2023 में पदक विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित किया।
    - प्रदेश के 189 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को **62 करोड़ रूपए की पुरस्कार राशि वितरित की गयी।**
    - इसके साथ ही **सात पदक विजेता खिलाड़ियों को पुलिस उपाधीक्षक, ज़िला युवा कल्याण अधिकारी एवं यात्री/माल कर अधिकारी के पद पर नियुक्ति पत्र भी दिये गये।**
- **जो खिलाड़ी** खेल के बाद अपना समय दे सकेंगे, उन्हें निश्चित मानदेय पर **'खेलो यूपी सेंटर' में कोच नियुक्त किया जाएगा।**
- उत्तर प्रदेश देश की 16% आबादी का निवास स्थान है और **यूपी के खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में 25% पदक जीते हैं।**

खेलो इंडिया कार्यक्रम

- खेलो इंडिया योजना का उद्देश्य **पूरे देश में खेलों को प्रोत्साहित करना** तथा इस प्रकार अपने क्रॉस-कटिंग प्रभाव नामतः- बच्चों और युवाओं का समग्र विकास, सामुदायिक विकास, सामाजिक एकीकरण, लैंगिक समानता, स्वस्थ जीवन शैली, राष्ट्रीय गौरव और खेलों के विकास से जुड़े आर्थिक अवसरों के माध्यम खेल क्षमताओं का दोहन करने की अनुमति देती है।
- इस योजना के तहत, विभिन्न स्तरों पर प्राथमिकता वाले खेल विषयों में पहचान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को **8 वर्षों तक के लिये प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।**

खेलो इंडिया
कार्यक्रम
उद्देश्य:
वृहत स्तर पर भागीदारी और खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना
भारत में ज़मीनी स्तर पर खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करना
खेलो इंडिया के 12 कार्यक्षेत्र:
1 खेल के मैदान का विकास
2 सामुदायिक अनुशिक्षण (कोचिंग) विकास
3 राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, राज्य खेल शिक्षाविदों को सहायता
4 स्कूली विद्यार्थियों का शारीरिक स्वास्थ्य
5 दिव्यांगो के मध्य खेल संस्कृति को प्रोत्साहन
6 महिलाओं के लिये खेल
7 राज्य स्तरीय खेलो इंडिया केंद्र
8 वार्षिक खेल प्रतियोगिता
9 शांति और विकास के लिये खेल
10 प्रतिभा खोज और विकास
11 खेल अवसंरचना का विकास और उन्नयन
12 ग्रामीण और स्वदेशी या जनजातीय खेलों को प्रोत्साहन
KHELO INDIA
खेलो इंडिया
खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत खेल:
खेलो इंडिया यूथ गेम्स (KIYG) (या खेलो इंडिया स्कूल गेम्स वर्ष 2019 तक)
प्रथम संस्करण - नई दिल्ली (2018)
आयु सीमा - 18 वर्ष
खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 का आयोजन - मध्य प्रदेश (भोपाल)
खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG)
पहला संस्करण - कलिंग औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान (KIIT), ओडिशा (2020)
खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 का आयोजन - उत्तरप्रदेश (लखनऊ, वाराणसी, ग्रेटर नोएडा और गोरखपुर)
खेलो इंडिया विंटर गेम्स (KIWG)
2020 से आयोजित 3 संस्करण (लेह, लद्दाख और गुलमर्ग (कश्मीर) में)
चयन और सहायता:
छात्रवृत्ति कार्यक्रम के लिये प्रतिवर्ष 1000 बच्चों का चयन, पदक विजेता बनने के लिये प्रशिक्षण
प्राथमिकता वाली खेल विधाओं में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को 5 लाख रुपए प्रतिवर्ष (8 वर्षों के लिये)।
नोडल मं
नोडल मंत्रालय:
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
मुख्यालय:
जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (नई दिल्ली)
दृष्टि The Vision
Drishti IAS

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/khelo-uttar-pradesh-centre